उत्तर पश्चिम रेलवे

# थार रेल

मार्च 2025



NWRailways NWRailways_

# राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) द्वारा मॉक ड्रिल का आयोजन

राज्य आपदा प्रतिसाद बल (एसडीआरएफ) द्वारा उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर आपदा राहत कार्यों के बारे मे जानकारी देने के लिए मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। इसमें एसडीआरएफ द्वारा भूकंप, आगजनी, गंभीर एवं सामान्य चोट जैसे आपदा के समय स्वयं एवं अन्य लोगो की जान माल को बचाने के सम्बन्ध मे महत्वपूर्ण जानकारी दी गई ।एसडीआरएफ ने चोट लगने पर खून के बहाव को रोकने, सिर पर चोट, फ्रैक्चर, धारदार वस्तु के शरीर में घुसने, किसी व्यक्ति के बेहोश होने, गले में किसी बाहरी वस्तु के फंसने, घर में गैस सिलेंडर से लगने वाली आग को बुझाने, भूकंप, भगदड़ आदि आपदाओं के समय सामान्य रूप से किए जाने वाले प्राथमिक उपायों के बारे में बताया।



03 मार्च



# महाप्रबंधक का फुलेरा रेलवे स्टेशन का एक दिवसीय दौरा

महाप्रबंधक श्री अमिताभ ने जयपुर मंडल के एक दिवसीय दौरे पर फुलेरा स्टेशन पर दुर्घटना राहत गाड़ी एवं अनुरक्षण शेड का उद्घाटन किया। दौरे पर फुलेरा स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे पुनर्विकास कार्यों , वैगन कैयर कॉम्पलेक्स,सामुदायिक भवन, रेलवे हॉस्पिटल,इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग कंट्रोल टॉवर इत्यादि का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने लोको पायलट, ट्रेन मैनेजर, ट्रैकमैन व अन्य विभाग सहित ट्रेन संचालन से जुड़े कर्मचारियों से संरक्षा संवाद भी किया।

03 मार्च







# अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता-2024

प्रयागराज में 4 से 6 मार्च तक आयोजित अंतर रेलवे ड्रामा प्रतियोगिता-2024 में उत्तर पश्चिम रेलवे के नाट्य-दल ने भाग लिया। नाट्य-दल ने हरिशंकर परसाईं जी की कहानी पर आधारित 'इंस्पेक्टर मातादीन चाँद पर' शीर्षक पर नाटक प्रस्तुत किया। नाट्य-दल ने 'सर्वश्रेष्ठ पटकथा' का पुरस्कार भी प्राप्त किया। नाट्य-दल में संदीप लेले, राकेश दीक्षित, रविन्द्र सिंह, नेहा यादव, इंदरपाल सिंह तंवर, पार्वती वर्मा, पप्पु सिंह, विकास शर्मा, गौरव भारद्वाज, सत्यवीर शेखावत, चारु प्रीतवानी, विपिन शर्मा, प्रेम नारायण शामिल थे।

04-06 मार्च




# महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड का उत्तर पश्चिम रेलवे का दौरा

श्री हरि शंकर वर्मा, महानिदेशक (संरक्षा), रेलवे बोर्ड ने उत्तर पश्चिम रेलवे का तीन दिवसीय दौरा किया। महानिदेशक ने प्रथम दिन मुख्यालय पर महाप्रबंधक श्री अमिताभ एवं विभागाध्यक्षों के साथ उत्तर पश्चिम रेलवे पर चल रहे संरक्षा सम्बंधित कार्यों की समीक्षा बैठक की। महानिदेशक ने उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की एवं भविष्य में बेहतर कार्यनिष्पादन के लिए दिशा निर्देश प्रदान किए।

दौरे के दूसरे दिन महानिदेशक ने जोधपुर स्टेशन पर क्रू लाबी, क्रू रेस्ट रूम, काउन्सिलिंग रूम, रनिंग स्टाफ के लिए उपलब्ध एकीकृत क्रू मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर का निरीक्षण किया। महानिदेशक ने लोको पायलटों से संवाद किया एवं ट्रेन संचालन में संरक्षा की उपयोगिता एवं लोको पायलट की भूमिका को इंगित किया। महानिदेशक ने मंडल रेल प्रबंधक जोधपुर एवं अधिकारीयों के साथ रेल संरक्षा को सुदृढ़ करने और संरक्षा कार्यों पर विस्तृत चर्चा भी की।

07 मार्च








# आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा "नो योर माइंड" शीर्षक पर कार्यशाला का आयोजन

मुख्यालय के सभागार में आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा "नो योर माइंड" (अपने मन को जाने) शीर्षक पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आर्ट ऑफ लिविंग के मुख्य प्रशिक्षक श्री विवेक बंसल के साथ श्री मुकेश मालव, सुश्री अमिता, श्री आलोक दीक्षित एवं अन्य प्रशिक्षक भी उपस्थित रहे। कार्यशाला में रेलवे अधिकारियों एवं कर्मचारियों को विभिन्न क्रियाएं और प्राणायाम करवाए गए जिसका उद्देश्य ऊर्जा प्रवाह और मानसिक परिवर्तन को महसूस कर मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करना था। कार्यशाला में महाप्रबंधक महोदय के साथ प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी तथा अधिकारीगण और कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

07 मार्च






# पीवे इंजीनियर्स इंडिया, जयपुर चैप्टर द्वारा आईपीडब्ल्यूई सेमिनार 2025 का आयोजन

पीवे इंजीनियर्स इंडिया, जयपुर चैप्टर द्वारा आईपीडब्ल्यूई तकनीकी सेमिनार 2025 का आयोजन किया गया। सेमिनार के मुख्य अतिथि महाप्रबंधक श्री अमिताभ रहें एवं श्री जी.एल. गोयल, प्रमुख मुख्य इंजीनियर ने अध्यक्षता की। इस सेमिनार में वरिष्ठ रेलवे अधिकारियों, उद्योग विशेषज्ञों और तकनीकी पेशेवरों ने भाग लिया और रेलवे के बुनियादी ढांचे में अत्याधुनिक नवाचारों एवं रेलवे इंफ्रास्ट्रक्चर में और अधिक उन्नति पर विशेष चर्चा की गई। सेमिनार में ट्रैक मेंटेनर की सुरक्षा के लिए वीएचएफ आधारित ट्रेन आगमन चेतावनी प्रणाली "रक्षक", ग्राउंड प्रेजेंटिंग रडार जीपीआर जो बलास्ट (गिट्टी) की साइज की निगरानी कर ट्रैक रखरखाव को बढ़ाता है, रेलवे यार्ड और सेक्शन के सटीक आकलन के लिए एलआईडीएआर आधारित ग्रेडिएंट सत्यापन इत्यादि विषयों पर तकनीकी प्रस्तुति दी गई। इस अवसर पर एक तकनीकी प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसमें रेलवे के विकास से संबंधित विभिन्न उत्पादों एवं प्रक्रियाओं के विकास को प्रदर्शित किया गया। रेल पथ इंजीनियरों की संस्था भारत में 1967 में स्थापित हुई थी, जो रेलवे ट्रैक, पुल और अन्य संरचनात्मक विकास में विशेषज्ञता रखने वाले रेलवे इंजीनियरों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान की सुविधा के लिए रेल मंत्रालय के अधीन कार्य करती है।

08 मार्च









# 17वीं ऑल इंडिया रेलवे हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन

उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा उदयपुर में 17वीं ऑल इंडिया रेलवे हैंडबॉल चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। चैंपियनशिप में विभिन्न जोन एवं रेलवे बोर्ड की महिला वर्ग की 4 टीमों एवं पुरुष वर्ग की 8 टीमों ने भाग लिया। शुभारम्भ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख मुख्य विद्युत इंजीनियर रहे। महिला वर्ग में पूर्वोत्तर रेलवे - विजेता एवं उत्तर रेलवे - उप विजेता रहे एवं पुरुष वर्ग में उत्तर रेलवे - विजेता एवं पूर्वोत्तर रेलवे - उप विजेता रहे।

08-11 मार्च






# महाप्रबंधक का बीकानेर मंडल का एक दिवसीय दौरा

महाप्रबंधक श्री अमिताभ का बीकानेर मंडल का एक दिवसीय दौरा। महाप्रबंधक ने अमृत स्टेशन योजना के अंतर्गत लालगढ़ स्टेशन पर 18.85 करोड़ की लागत से हो रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया। महाप्रबंधक ने सर्कुलेटिंग एरिया प्लेटफार्म, टिकट खिड़की, स्टेशन मास्टर कक्ष, रिटायरिंग रूम आदि का निरीक्षण किया एवं उचित दिशा निर्देश दिए। महाप्रबंधक द्वारा लालगढ़ स्टेशन पर हाई मास्ट तिरंगे एवं स्टेशन के पास नव विकसित फुटबॉल मैदान का उद्घाटन भी किया गया।

महाप्रबंधक ने बीकानेर स्टेशनपर भी चल रहे पुनर्विकास कार्यों का निरीक्षण किया, उन्होंने कोनकोर्स हाल में रखे स्टेशन के पुनर्विकास संबधित मॉडल का बारीकी से निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए। महाप्रबंधक ने मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में नवनिर्मित ई-लर्निंग सह प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन भी किया। महाप्रबंधक ने रेल राजस्व बढ़ाने के उद्देश्य से स्थानीय व्यापारियों से अधिक माल लदान को लेकर बैठक भी की।

12 मार्च







# माननीय रेल राज्य मंत्री श्री रवनीत सिंह का एक दिवसीय बीकानेर दौरा

श्री रवनीत सिंह, माननीय रेल राज्य मंत्री का एक दिवसीय बीकानेर दौरा। बीकानेर स्टेशन पर अमृत  स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।। माननीय रेल राज्य मंत्री द्वारा रतनगढ़ से चूरू रेल खंड पर चल रहे दोहरीकरण कार्य का भी निरीक्षण किया गया।



08 मार्च



# उत्तर पश्चिम रेलवे पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस

उत्तर पश्चिम रेलवे पर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं द्वारा संचालित गांधीनगर जयपुर रेलवे स्टेशन पर  पर आयोजित कार्यक्रम में माननीया सांसद जयपुर श्रीमती मंजू शर्मा ने स्टेशन पर कार्यरत महिला कर्मियों को उनके द्वारा किया जा रहें कार्यों की सराहना की एवं उन्हें सम्मानित भी किया। इस अवसर पर Radio Mirchi 98.3 FM द्वारा गांधीनगर जयपुर स्टेशन पर कार्यरत महिला रेलकर्मियों के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया।

मुख्यालय पर  भी "FEAMEASE" संस्थान द्वारा  "महिलाएं सशक्त और ऊर्जावान कैसे बनें" विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में संस्थान द्वारा महिलाओं के स्वास्थ्य पर महत्पूर्ण जानकारी दी एवं स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया।  सेमिनार में प्रमुख वित्त सलाहकार सहित अन्य महिला अधिकारीयों एवं कर्मचारीयों ने उत्साह के साथ भाग लिया।  अजमेर मंडल पर "महिला सशक्तिकरण" पर सेमीनार का आयोजन किया गया।  सेमिनार में "महिला सशक्तिकरण" एवं "इक्वलिटी और एम्पावरमेंट" विषयों पर महिला कर्मियों ने अपने विचार रखे।  रेल सुरक्षा बल द्वारा महिलाओं से संबंधित सुरक्षा नियमों एवं एप की जानकारी दी गई। जिसमे २०० से अधिक महिला कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सेमिनार में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया जिसमे एकल नृत्य, सामुहिक नृत्य, पैरोडी गायन में महिला कर्मियों ने आकर्षक प्रस्तुति दी।

08 मार्च









# लक्खी मेले के सफल आयोजन में उत्तर पश्चिम रेलवे का भी रहा महत्वपूर्ण योगदान

खाटू श्यामजी के लक्खी मेले के सफल आयोजन में उत्तर पश्चिम रेलवे का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। रेलवे प्रशासन द्वारा रिंगस स्टेशन पर यात्रियों के सुचारू और आरामदायक सफ़र के लिए पूर्ण व्यवस्था की गई थी। रेलवे प्रशासन द्वारा स्थायी मेला शेल्टर के साथ-साथ अस्थाई टेंट सुविधा(इसमें पीने का पानी, बैठने के लिए स्टील बेंच, इंक्वायरी सुविधा, टिकट बिक्री सुविधा(M-UTS, ATVM, QR कोड टिकटिंग), गाड़ियों की समय सारिणी, किराया सूची, लाइटिंग व्यवस्था, मोबाइल चार्ज़िंग पॉइंट, हेल्प डेस्क, अनाउंसमेंट सुविधा, सीसीटीवी, नियमित सफ़ाई की व्यवस्था) उपलब्ध करवाई गई थी। इसके अतिरिक्त 62 CCTV द्वारा मॉनिटरिंग, खोया-पाया के 25 मामले में त्वरित सहायता, 1592 यात्रियों को चिकित्सीय सहायता एवं 24*7 एम्बुलेंस सुविधा, डिजिटल लॉकर और क्लॉक रूम सुविधा, मेला शेल्टर और स्टेशन बिल्डिंग दीवारों पर खाटू श्याम मंदिर की थीम पर आकर्षक पेंटिंग, साफ़-सफ़ाई की उत्तम व्यवस्था, डीलक्स पे एंड यूज की सुविधा भी उपलब्ध करवाई गई थी।




इससे रेलवे को रिकॉर्ड ₹3.41 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ तथा दिनांक 10 फरवरी को एक दिन की रिकॉर्ड टिकट बिक्री हुई थी।





# प्रेरणात्मक जीवनशैली और मिलेट्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन

20 मार्च




ऑफिसर्स क्लब में रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रेरणात्मक जीवनशैली और मिलेट्स जागरूकता पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आध्यात्मिक मार्गदर्शक एवं कवि श्री कृष्ण पाद दास, गुप्त वृंदावन धाम, जयपुर ने तनाव प्रबंधन, प्रसन्नता और शांति पर प्रेरणादायक व्याख्यान दिया। उन्होंने भागवत गीता की विवेचना कर आध्यात्मिक जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने सभा में उपस्थित कर्मचारियों के आध्यात्मिक प्रश्नों का उत्तर भी दिया।

दूसरे सत्र में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान, जयपुर के डॉ. सर्वेश अग्रवाल ने प्राचीन पोषक अनाज (मिलेट्स) के लाभों से अवगत कराया। डॉ. अग्रवाल ने ज्वार, बाजरा, जौ, रागी आदि मिलेट्स में मौजूद पोषक तत्व और उसके अलग -अलग बीमारियों से बचाव के महत्व के बारे में बताया। व्याख्यान के पश्चात डॉक्टर अग्रवाल ने रेलकर्मियों के आहार संबंधित स्वास्थ्य समस्याओं के प्रश्नों के उत्तर भी दिए।

इस अवसर पर आध्यात्मिक पुस्तकों और मिलेट्स से बने विभिन्न उत्पादों की प्रदर्शनी भी लगाई गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक श्री अमिताभ, सभी विभागाध्यक्ष, मंडल रेल प्रबंधक जयपुर तथा अन्य अधिकारी, महिला कल्याण संगठन के पदाधिकारी, कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारी तथा र्मचारीगण उपस्थित रहे।



# क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जयपुर की 68वीं बैठक का आयोजन

महाप्रबंधक श्री अमिताभ की अध्यक्षता में उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय पर क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति, जयपुर की 68वीं बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही अवधि की हिंदी प्रगति की समीक्षा क्षेत्रीय स्तर पर की गई । बैठक के दौरान सभी समिति सदस्यों के साथ विभिन्न मदों में राजभाषा नीति के अनुरूप हिंदी का प्रयोग बढ़ाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में महाप्रबंधक द्वारा प्रधान कार्यालय स्तर पर प्रकाशित त्रैमासिक हिंदी ई- पत्रिका मरूधरा के 30 वें अंक का विमोचन भी किया गया। बैठक में रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना आधार वर्ष-2021 के 05 विजेताओं को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित भी किया गया।

26 मार्च






# माह के प्रमुख हिंदी साहित्यकार



## अज्ञेय

जन्म : 7 मार्च 1911
पुण्यतिथि : 4 अप्रैल 1987

सच्चिदानंद हीरानंद वात्स्यायन 'अज्ञेय' का जन्म उत्तर प्रदेश के कसया (आधुनिक कुशीनगर) में हुआ। हिंदी साहित्य में उनकी प्रतिष्ठा एक बहुमुखी प्रतिभासंपन्न कवि, संपादक, ललित-निबंधकार और उपन्यासकार के रूप में है। उन्होंने अपने यात्रा वृतांत, अनुवाद, आलोचना, संस्मरण, डायरी, विचार-गद्य एवं नाटक से भी हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है। अज्ञेय को कविता में 'प्रयोगवाद' का प्रवर्तक कहा जाता है। उनके संपादन में निकले 'तार सप्तक' और 'दूसरा सप्तक' की प्रयोगवादी काव्य प्रवृत्तियों को देखते हुए इसे एक नई धारा के रूप में चिह्नित किया गया।

प्रमुख रचनाएं - भग्नदूत, बावरा अहेरी, अरी ओ करुणा प्रभामय, क्योंकि मैं उसे जानता हूँ, सागर मुद्रा, त्रिशंकु, भवंती, अंतरा, एक बूँद सहसा उछली, अपने अपने अजनबी, संवत्सर

---



## महादेवी वर्मा

जन्म : 26 मार्च 1907
पुण्यतिथि : 11 सितंबर 1987

'आधुनिक युग की मीरा' कही जाने वाली महादेवी वर्मा का जन्म उत्तर प्रदेश के फ़र्रुख़ाबाद में हुआ। इन्हें छायावाद की चौथी स्तंभ भी कहा जाता है। प्रणय एवं वेदनानुभूति, जड़ चेतन का एकात्म्य भाव, सौंदर्यानुभूति, मूल्य चेतना, रहस्यात्मकता इनकी मुख्य काव्य-वस्तु है। इनके संबंध में कहा गया कि छायावाद ने इन्हें जन्म दिया था और इन्होंने छायावाद को जीवन दिया। भारत सरकार ने उन्हें पद्म भूषण और पद्म विभूषण पुरस्कारों से सम्मानित किया। उन्हें यामा के लिए ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया। भारत सरकार ने उनके सम्मान में जयशंकर प्रसाद के साथ युगल डाक टिकट भी जारी किया।

प्रमुख रचनाएं - ' नीहार', 'रश्मि', 'नीरजा', 'सांध्य गीत', 'यामा', 'दीपशिखा', 'साधिनी', 'प्रथम आयाम', 'सप्तपर्णा', 'अग्निरेखा' 'शृंखला की कड़ियाँ', 'साहित्यकार की आस्था', 'संकल्पिता', 'हिमालय', तथा 'क्षणदा'

# सोशल मीडिया


#नाम_खास_है
उत्तर पश्चिम रेलवे
www.nwr.indianrailways.gov.in
Ahinsa Superfast Express /
अहिंसा सुपरफास्ट एक्सप्रेस
22185/86 अहमदाबाद - पुणे - अहमदाबाद
"अहिंसा" उन मुख्य सिद्धांतों में से एक था जिसका गांधीजी ने अपने जीवन में पालन किया।
पुणे वह स्थान था जहाँ गांधीजी को कैद किया गया था और जहाँ उनकी पत्नी का निधन हुआ था, और अहमदाबाद वह स्थान था जहाँ उन्होंने अपना आश्रम स्थापित किया था।
इसलिए, इन दो शहरों को जोड़ने वाली ट्रेन का नाम गांधीजी के प्रमुख सिद्धांत "अहिंसा" पर रखा गया।
11096 UP / 11095 DN
अहिंसा एक्सप्रेस
अहमदाबाद → पुणे → अहमदाबाद
हमें लाईक करें/फॉलो करें: /NWRailways /NWRailways_
सुरक्षित एवं तेज सम्पर्क
उत्तर पश्चिम रेलवे का संकल्प


अपनी सुरक्षा के लिए हर बार, फुट ओवरब्रिज से ही करें रेल पटरी पार
जागरूक बनें -जागरूक बनाएं
अपने एवं अपनों के लिए, सुरक्षित रास्ता ही अपनाएं
पटरी क्रॉस ना करें
एक प्लेटफॉर्म से दूसरे प्लेटफॉर्म पर आने-जाने हेतु पैदल ऊपरी पुल का ही इस्तेमाल करें। रेल की पटरी कभी भी पार न करें।
उत्तर पश्चिम रेलवे
www.nwr.indianrailways.gov.in
सुरक्षित एवं तेज संपर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे का संकल्प • /NWRailways NWRailways_


उत्तर पश्चिम रेलवे
www.nwr.indianrailways.gov.in
चली पिचकारी, उड़ा गुलाल
रंग बरसे नीले, हरे, लाल
मुबारक हो आपको होली का त्यौहार !
होली
की हार्दिक शुभकामनाएं
सुरक्षित एवं तेज सम्पर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे का संकल्प | /NWRailways NWRailways_


उत्तर पश्चिम रेलवे
www.nwr.indianrailways.gov.in
#ये_रेल_फिल्मी_है
फ़िल्म ''होलीडे – ए सोल्जर इज नेवर ऑफ ड्यूटी''
में विराट, ड्यूटी पर जाने के लिए मुम्बई सेंट्रल से रवाना होता है
उत्तर पश्चिम रेलवे के क्षेत्राधिकार में
फिल्म शूटिंग के लिये संपर्क करें
मुख्य जनसंपर्क कार्यालय, जयपुर मुख्यालय
सुरक्षित एवं तेज सम्पर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे का संकल्प | /NWRailways NWRailways_


त्याग बलिदान और
संस्कृति की पहचान
आओ घूमें राजस्थान
उत्तर पश्चिम रेलवे
राजस्थान दिवस
30 मार्च
की हार्दिक शुभकामनाएं
www.nwr.indianrailways.gov.in /NWRailways /NWRailways_पर हमें फॉलो करें


Wishing peace and prosperity
this Eid with prayers for blessings
EID
Mubarak
NORTH WESTERN RAILWAY
www.nwr.indianrailways.gov.in
सुरक्षित एवं तेज संपर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे का संकल्प • /NWRailways NWRailways_



# मडंलो पर गतिविधियां

## भांवसा -नरेना -साखुन रेल खंड पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल स्थापित

उत्तर पश्चिम रेलवे पर जयपुर मंडल के भांवसा -नरेना -साखुन रेल खंड (16.9 किमी) पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सफलतापूर्वक स्थापित किया गया। इस कार्य के पूर्ण होने के पश्चात अब अजमेर से कानौता रेल खंड पूर्ण रूप से ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल हो गया है। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे पर कुल 174 रूट किमी ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल युक्त हो गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वित्त वर्ष 2024-25 में 111.4 रूट कि.मी. पर ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल स्थापित किया गया।

09 मार्च



## दौसा रेलवे स्टेशन अब "शून्य प्लस" सर्टिफाइड

11 मार्च



ऊर्जा दक्षता ब्यूरो
(भारत सरकार, विद्युत मंत्रालय)
BUREAU OF ENERGY EFFICIENCY
(Government of India, Ministry of Power)

आज़ादी का अमृत महोत्सव

No.: BEE/Shunya Labelling/Certificates/Station/24-25/150

*It is certified that Dausa Railway Station & Service Building, Dausa building has been awarded a BEE Shunya Plus Label with the details below:*

| | |
|---|---|
| *Name and address of the building* | Dausa Railway Station & Service Building, Dausa |
| *Connected load* | 110 kW |
| *Building Type* | Station Building |
| *Built up area* | 2598.77 sqmts. |
| *Annual Energy Consumption* (Utilities + on-site non- renewable resources (kWh)) | 1,27,888 kWh/year |
| Energy Generation (from on-site renewable resources) | 1,31,649 kWh/year |
| Energy Performance Index (EPI) (Excluding electricity generated from on-site renewable resources) | (-)1.45 kWh/(sqmts.year) |
| Label Awarded | Shunya Plus |

*The label would be valid for a period of **3 years** from the date of issue.*

Date: 12 February 2025

P.Samal
(Pravatanalini Samal)
Director

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचाएँ Save Energy for Benefit of self and Nation
चौथा तल, सेवा भवन, आर० के० पुरम, नई दिल्ली-110066, वेबसाईट / Website : www.beeindia.gov.in
4th Floor, Sewa Bhawan, R.K. Puram, New Delhi-110 066, दूरभाष / Tel. : 91 (11) 26766700, फैक्स / Fax : 91 (11) 20867402

ऊर्जा दक्षता ब्यूरो, भारत सरकार द्वारा जयपुर मंडल के दौसा रेलवे स्टेशन को "शून्य प्लस" सर्टिफाइड किया गया है। दौसा रेलवे स्टेशन, यह उपलब्धि प्राप्त करने वाला उत्तर पश्चिम रेलवे एवं राजस्थान का पहला स्टेशन है। दौसा स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए गए है। दौसा स्टेशन पर प्रतिवर्ष लगभग 1.28 किलोवाट घंटा बिजली की खपत/उपभोग होती है तथा स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा पैनल व नवीनीकरण ऊर्जा के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 1.32 किलोवाट घंटा बिजली उत्पन्न की जा रही है। इस प्रकार दौसा स्टेशन पर होने वाली खपत से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रतिवर्ष लगभग 13.20 लाख रूपए की बचत की जा रही है। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यां के फलस्वरूप ही दौसा स्टेशन शून्य प्लस अवार्ड प्राप्त हुआ है।

## दौराई -टनकपुर-दौराई नई रेल सेवा का शुभारंभ

31 मार्च



गाडी संख्या 15091/15092 दौराई -टनकपुर-दौराई नई रेल सेवा का शुभारंभ। दौराई स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री भारत सरकार श्री भागीरथ चौधरी, माननीया विधायक अजमेर (दक्षिण) श्रीमती अनिता भदेल ने गाड़ी संख्या 15091 दौराई- टनकपुर को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।



# पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम से पार्सल बुक करवाना और ट्रेस करना आसान

## उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम लागू

रेल के माध्यम से एक स्थान से दूसरे स्थान पर सामान (पार्सल) भेजने की प्रक्रिया को आसान बनाने के उद्देष्य से उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (PMS) की सुविधा उपलब्ध है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ग्राहकों को अपना सामान बुक करवाने में सहूलियत हो रही है साथ ही इस सिस्टम प्राप्त होने वाले मैसेज के माध्यम से उनको अपने सामान की वास्तविक स्थिति की जानकारी मिलती रहती है।

महाप्रबन्धक श्री अमिताभ के दिशा निर्देशानुसार रेल उपभोक्ताओं को सभी क्षेत्रों में बेहतर और उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान की जा रही है। रेल के माध्यम से सामान (पार्सल) भेजने वाले ग्राहकों की सुविधा के लिए उत्तर पश्चिम रेलवे के सभी 34 पार्सल ऑफिस में पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम (PMS) की सुविधा उपलब्ध करवाई गई है। पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से सामान बुक करवाना बहुत ही आसान और पारदर्षी प्रक्रिया है जिसमें सभी जानकारी ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है।

पार्सल बुक करवाने वाले ग्राहक को अपने निकटतम पार्सल ऑफिस में अपने सामान की जानकारी का फार्म (फारवर्डिंग नोट) भरकर पार्सल क्लर्क को देना होता है उसके पश्चात पार्सल क्लर्क, पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम में उस जानकारी को फीड कर पार्सल का वजन करता है जिसकी सिस्टम में एंट्री हो जाती है। एंट्री के पश्चात रसीद बनती है जिसमें एक 10 अंक का नम्बर (PRR : Parcel Railway Receipt) होता है साथ ही ग्राहक के दिए गए मोबाइल नं. पर मैसेज पहुंचता है।

पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ग्राहक को पार्सल बुक होने से ट्रेन में लोडिंग होने, ट्रेन नम्बर व एसएलआर नम्बर, अनलोडिंग व डिलीवरी के सभी मैसेज मोबाइल पर पहुंचते है। इसके साथ ही यदि ग्राहक अपने सामान को ट्रेस करना चाहता है तो वह वेबसाइट https://parcel.indianrail. gov.in पर 10 अंको के नम्बर के माध्यम से स्थिति के बारे में वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर सकता है।

पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के उपयोग से समय की बचत, सामान की आसानी से सटीक ट्रेसिंग, पारदर्शिता, किराये की सही गणना हो रही है। साथ ही पहले सामान गुम होने की शिकायतों की तुलना में अब क्लेम की संख्या में कमी आई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे पर व पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम की सुविधा सभी 34 पार्सल ऑफिस में उपलब्ध है। जयपुर मण्डल के जयपुर, रेवाडी, अलवर, सीकर, अजमेर मण्डल के अजमेर, उदयपुर सिटी, आबूरोड, भीलवाडा, ब्यावर, फालना, मारवाड जं., जोधपुर मण्डल के जोधपुर, पाली मारवाड़, बाडमेर, जैसलमेर, नागौर, बालोतरा, भगत की कोठी, डेगाना, मकराना, मेडता रोड, सुजानगढ और बीकानेर मण्डल के बीकानेर, भिवानी, चूरू, हनुमानगढ़, हिसार, लालगढ़, रतनगढ़, सादुलपुर, सिरसा, श्रीगंगानगर, सूरतगढ़ और हांसी स्टेशनों पर पार्सल मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से ही सामान की बुकिंग हो रही है। इसके साथ ही डिजीटल पेमेंट को बढ़ावा देने के लिए सभी पार्सल ऑफिस में क्यूआर कोड और पीओएस मशीन के माध्यम से पेमेंट की सुविधा उपलब्ध है।



# उत्तर पश्चिम रेलवे के दौसा स्टेशन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो द्वारा "शून्य प्लस" अवार्ड प्रदान किया गया

## उत्तर पश्चिम रेलवे एवं राजस्थान में "शून्य प्लस" अवार्ड प्राप्त करने वाला पहला स्टेशन बना
## सौर ऊर्जा और ऊर्जा दक्ष उपकरणों के उपयोग से बिजली बचत में अहम योगदान

ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए रेलवे में नवाचारों का उपयोग कर प्रयासों को सुदृढ़ किया जा रहा है। ऊर्जा संरक्षण के साथ-साथ पर्यावरण को बेहतर बनाए रखने के लिए रेलवे लगातार सकारात्मक कदम उठा रहा है, जिसमें परम्परागत संसाधनों के स्थान पर पर्यावरण अनुकूल स्त्रोतो का अधिकाधिक उपयोग किया जा रहा हैं। ऊर्जा संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यां के फलस्वरूप उत्तर पश्चिम रेलवे के दौसा स्टेशन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा शून्य प्लस अवार्ड प्रदान किया गया है। यहां उल्लेखनीय है कि उत्तर पश्चिम रेलवे एवं राजस्थान में पहली बार किसी स्टेशन को शून्य प्लस अवार्ड प्रदान किया गया है।

श्री अमिताभ, महाप्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे के दिशा-निर्देशों से उत्तर पश्चिम रेलवे प्रदुषण रहित तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति दायित्व के प्रयासों को गति प्रदान कर पर्यावरण संरक्षण के कार्यार् को प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के ऊर्जा संरक्षण के लिए किए जा रहे कार्यों के फलस्वरूप दौसा स्टेशन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा शून्य प्लस अवार्ड प्रदान किया गया है। उत्तर पश्चिम रेलवे पर यह अवार्ड पहली बार प्रदान किया गया है। दौसा स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण के लिए अनेक कार्य किए गए है। दौसा स्टेशन पर बिल्डिंग और सर्विस क्षेत्र में पर्याप्त बिजली उपलब्धता के लिए 110 किलोवाट लोड कनेक्ट किया गया है। दौसा स्टेशन पर प्रतिवर्ष लगभग 1.28 किलोवाट घंटा बिजली की खपत/उपभोग होती है तथा स्टेशन पर स्थापित सौर ऊर्जा पैनल व नवीनीकरण ऊर्जा के माध्यम से प्रतिवर्ष लगभग 1.32 किलोवाट घंटा बिजली उत्पन्न की जा रही है। इस प्रकार दौसा स्टेशन पर होने वाली खपत से अधिक बिजली का उत्पादन किया जा रहा है तथा प्रतिवर्ष लगभग 13.20 लाख रूपए की बचत की जा रही है।

दौसा स्टेशन पर 100 किलोवाट पीक क्षमता का सौलर पावर प्लांट स्थापित किया गया है जिससे पर्यावरण अनुकूल व कार्बन उत्सर्जन रहित बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। दौसा स्टेशन पर ऊर्जा संरक्षण के लिए नई तकनीकयुक्त तथा ऊर्जा दक्ष उपकरणों का उपयोग किया जा रहा है। सम्पूर्ण स्टेशन परिसर व सर्विस बिल्डिंग क्षेत्रों में एलईडी लाइट का प्रयोग किया जा रहा है। इसके साथ ही लाइट को सेंसर से जोडकर आवश्यकतानुसार लाइट का उपभोग किया जा रहा है। दौसा स्टेशन पर यात्री सुविधा के लिए उच्च क्षमता के एचवीएलएस पंखों का उपयोग कर बिजली की बचत की जा रही है। स्टेशन परिसर में स्थापित हाई मास्ट टावर को टाइमर स्विच के साथ जोडना, पानी आपूर्ति के लिए काम में आने वाले पम्पों को वेब आधारित सिस्टम से संचालित करना, प्लेटफॉर्म लाइटों का कन्ट्रोल, सौलर गीजर का उपयोग इत्यादि भी बिजली की बचत में अहम कडी बने है।

दौसा स्टेशन को ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (BEE) द्वारा शून्य प्लस अवार्ड 3 वर्ष के लिए जारी किया गया है।

रेलवे का प्रयास है कि पर्यावरण और ऊर्जा संरक्षण के लिए यथासंभव कार्य किए जाए और पर्यावरण अनूकुल स्त्रोतो का अधिकाधिक उपयोग किया जाए। रेलवे का सौर ऊर्जा तथा ऊर्जा दक्ष उपकरणो पर यह प्रयास निरंतर और अनवरत जारी है।



NORTH WESTERN RAILWAY

NEWS BULLETIN - March, 2025

# उत्तर पश्चिम रेलवे

सुरक्षित एवं तेज़ संपर्क, उत्तर पश्चिम रेलवे के संकल्प

www.nwr.indianrailways.gov.in